प्रेषक,

जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
उत्तरकाशी।

सेवा में,

सचिव,
आपदा प्रबन्धन एवं पुर्नवास विभाग,
उत्तराखण्ड शासन देहरादून।

संख्या– 1463/तेरह–आ0प्र0–रिपोर्ट/2023–24 दिनांक–19 अगस्त, 2023

विषय– **जनपद उत्तरकाशी में दिनांक 01 जून, 2023 से 19 अगस्त, 2023 तक हुये विभिन्न घटनाओं/दुर्घटनाओं में किये गये राहत एवं बचाव कार्यों सम्बन्धी सूचना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि महोदय के कार्यालय से दूरभाष पर दिये गये निर्देश में जनपद उत्तरकाशी अन्तर्गत 01 जून, 2023 से 19 अगस्त 2023 तक प्राकृतिक आपदा व अन्य घटनाओं में आपदा प्रबन्धन विभाग/एस0डी0आर0एफ0/एन0डी0आर0एफ0/अग्निशमन विभाग/पुलिस विभाग द्वारा किये गये खोज एवं बचाव कार्यो सम्बन्धी सूचना उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है।

अतः उपरोक्तानुसार प्राप्त निर्देशों के क्रम में पत्र के साथ आख्या, फोटोग्राफ व वीडियो संलग्न कर सादर प्रेषित की जा रही है।

संलग्न यथोपरि।

भवदीय,

(देवेन्द्र सिंह पटवाल)
जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
उत्तरकाशी।

प्रतिलिपिः– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

19/8/2023

जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
उत्तरकाशी।

# 1 जून, 2023 से वर्तमान सयम तक घटित सड़क दुर्घटना/आपदा सम्बन्धी संक्षिप्त विवरण


## माह जून, 2023

**दिनांक 02 जून, 2023 गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान धराली के पास यात्रियों को बस** सड़क से बाहर निकलने के कारण वाहन फंस गयी। बस में सवार सभी लगभग 40 यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू कर अन्य वाहनों से भेजा गया। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा सेना हर्षिल/बी0आर0ओ0 आदि विभागों एवं प्राईवेट एजेन्सी से समन्वय कर हाईड्र मशीन उपलब्ध कराते हुये बस को सुरक्षित निकालते हुये मार्ग को सुचारू करवाया गया।





**दिनांक 07.06.2023 को मनेरी–बयाण–लोथरु मोटर मार्ग के पास एक यूटिलिटी वाहन मनेरी** मानसरोवर होटल के पास दुर्घटनाग्रस्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त स्थान के लिए SDRF पुलिस, राजस्व टीम तथा 108 एम्बुलेंस को सूचना से अवगत कराते हुए घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। उक्त वाहन में चालक सहित 02 लोग सवार थें जिसमें 01 व्यक्ति की घटना स्थल पर मृत्यु हो गयी तथा घायल व्यक्ति को एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्यालय उत्तरकाशी उपचार हेतु भर्ती किया गया।






**दिनांक 23.05.2023 को गंगोत्री से 14 सदस्यों का ट्रैकिंग दल जो कि कालिन्दीखाल ट्रेकिंग अभियान के** लिए गया था। दिनांक 04.06.2023 को उक्त दल में एक गाईड की स्थान कालिन्दीखाल बेस कैम्प (ऊँचाई लगभग 5650 मीटर) में स्वास्थ्य खराब होने के कारण मृत्यु होने हुयी। जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित एजेन्सी/एस0डी0आर0एफ0/ वन विभाग से समन्वय कर उक्त व्यक्ति के शव को लाये जाने हेतु 14 सदस्यीय दल स्थानीय पोटर्स/गाईड/एस0डी0आर0एफ0 का दल भेजा गया तथा यूकाडा /एयर फोर्स से हैली रेस्क्यू किये जाने हेतु अनुरोध किया गया। दल के अन्य सभी 13 सदस्य सुरक्षित ट्रैक कर गंगोत्री पहुँचाये गये। सेना द्वारा दिनांक 09.06.2023 उक्त व्यक्ति के शव को लाये जाने हेतु 02 हैलीकॉप्टर की तैनाती की गयी। उक्त स्थान उच्च हिमालय क्षेत्र एवं मौसम खराब होने के कारण हैली से रेस्क्यू नहीं हो पाय। दिनांक 15–16.06.2023 को भेजे गये दल द्वारा उक्त के शव को गंगोत्री/उत्तरकाशी लाया गया। शव को पोस्टमार्टम/पंचनाम की कार्यवाही कर शव परिजनों को सुर्पुद किया गया।







दिनांक 31.05.2023 को तहसील चिन्यालीसौड क्षेत्रार्न्गत ग्राम सिंगाणगांव वालों की ब्रजपात(अकाशीय बिजली) गिरने के कारण 10/12 बकरियों की घटना स्थल पर मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुयी । आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर दिनांक 01.06.2023 को उक्त स्थान के लिए राजस्व टीम, पशु चिकित्सक टीम निरीक्षण हेतु मौके के लिए रवाना कर राहत–बचाव कार्य किया गया।





**दिनांक 18.06.2023 को तहसील भटवाडी अन्तर्गत दयारा बुग्याल में आकाशीय बिजली गिरने के कारण**

गुज्जर की 04 बड़े पुशओं की मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुयी। जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सम्बन्धित राजस्व उप निरीक्षक/वन विभाग से समन्वय कर टीम घटना स्थल हेतु रवाना की गयी। प्रभावितों को एस0डी0आर0एफ0 मानकों के अनुसार राहत राशि वितरित की गयी।



## माह जुलाई, 2023

**दिनांक 05.7.2023 को धरासू पुल के पास बनचोरा मार्ग पर एक वाहन दुर्धटनाग्रस्त हुआ। जनपद** आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा उक्त स्थान के लिए SDRF व धरासू थाना, 108 एम्बुलेंस टीम को सूचित कर रवाना किया गया। उक्त वाहन में 03 लोग सवार थे 02 व्यक्ति की घटना स्थल मृत्यु हो गयी 01 घायल को CHC चिन्यालीसौड से 108 एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर देहरादून रैफर किया गया। चिकित्सायल अन्य स्थानों पर समन्वय किया गया।





दिनांक 09.07.2023 को सांय 6:00 बजे यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग डाबरकोट (ओजरी) के पास लगातार पत्थर/भूस्खलन होने के कारण तैनात पुलिस कार्मिक पहाडी से पत्थर की चपेट में आने से घायल हो गाय। जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर घायल को सी.एच.सी. बडकोट उपचार हेतु भेजा गया जहॉ पर चिकित्सकों द्वारा उक्त व्यक्ति को मृत घोषित किया गया। उक्त स्थान डाबर कोट के पास लगातार भूस्खलन के कारण यात्रियों को सुरक्षित स्थनों पर रोका गया तथा वाचर आदि की तैनाती की गयी।





**दिनांक 10.07.2023 को गंगोत्री धाम से उत्तरकाशी की तरफ वापस आते समय तहसील भटवाड़ी** अन्तर्गत गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान गंगनानी के पास सांय लगभग 07:30 बजे 03 यात्रियों के वाहन क्रमशः टेम्पों ट्रेवल वाहन संख्या–HR 55 AN 0029 एवं टवेरा वाहन संख्या–MP 13 DA-1876तथा स्विफिट कार संख्या–UK 17 TA0771 पर पहाडी से अचानक आये मलवे की चपेट में आने के कारण उक्त वाहन में 04 मृतक,तथा 02 गम्भीर घायल 05 सामान्य घायल हुए। जिन्हे 02 एम्बुलेंस की सहायता से प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र भटवाडी प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्याल लाया गया। सामान्य 15 यात्रियों को अन्य वाहनों से भेजा गाया।

**कार्यवाही–**

1–रात्रि मे यत्रियों को गंगनानी स्थित होटल मे ठहराया गया जहॉ पर उनके भोजन आदि की व्यवस्था की गयी।

2. जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी भटवाडी, आपदा प्रबन्धन अधिकारी, नायब तहसीलदार भटवाडी, द्वितीय कमान अधिकारी सीमा सड़क संगठन, पुलिस चौकी प्रभारी गंगनानी, एस0डी0आर0एफ0 पुलिस, 108 एम्बुलेंस आदि टीम मौके पर तैनात की गयी।

3. जनपद में लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत अपर जिलाधिकरी जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण में उपस्थित होकर आई0आर0एस0 के अधिकारियों की बैठक आहूत कर सर्तक किया गया।

4. 01 गम्भीर घायल को हैलीकॉप्टर के माध्यम से एंव 03 घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

5. 04 मृतक यात्रियों के शवों का पंचनामा/पोस्टमार्टम आदि की कार्यवाही कर ताबूत आदि उपलब्ध कराते हुए शव परिजानों को सुपुर्द कर 03 शव मॉरचुरी वाहन के माध्यम से परिजानो परिजानों की सुविधा के अनुसार ऋषिकेश भेजा गया एंव 01 यात्री के शव को परिजानों के साथ जिला चिकित्यालय के कावड़ सेवा वाहन के माध्यम से हिमालय हॉस्पिटल, जौलीग्राण्ट मे शव को संलेपन हेतु भेजा गया।

6. परिवाहन विभाग के माध्यम से से आन्य सामान्य यात्रियों एंव परिजानों हेतु 04 वाहन उपलब्ध कराये गयें है।

7. जिला चिकित्यालय में कुल 07 लोग सामान्य घायल लोग भर्ती थे जिनके भोजन आदि की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गयी।

9. उक्त के शव का जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में पोस्टमार्टम/पंचनामा आदि कार्यवाही की गयी है।

10. एक शव को हिमालयन हॉस्पिटल, जौलीग्राण्ट, भेजा गया उक्त शव को अन्तिम संस्कार हेतु हवाई जहाज के माध्यम से उनके गृह नगर/निवास स्थान ले जाने हेतु शव का संलेपन Embalming) कर भेजा गया।

11. उक्त मृतकों के मृत्यु प्रमाण पत्र/पोस्टमार्टम रिपोर्ट/पुलिस का अनापत्ति प्रमाण पत्र/पंचनामा, मृतकों के पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्रेषित किये जा रहे हैं।

12 सम्बन्धित यात्रियों के गृह जनपद के प्रशासन से समन्वय किया गया।

13 मार्ग से मलवा/पत्थर एवं उक्त क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाते हुये मार्ग यातायात हेतु सुचारू किया गया।



















अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित रेस्क्यू कार्यों की बैठक लेते हुये जिला चिकित्सालय में घायलों के उपचार का निरीक्षण किया गया।








दिनांक 13.07.2023 को प्रातः 6:05 बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सुनगर आदि स्थानों के पास मलवा/पत्थर आने के कारण मार्ग अवरुद्व हुआ जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र द्वारा सीमा सड़क संगठन के अधिकारी कर्मचारी एंव अन्य सम्बन्धितों से समन्वय कर मार्ग को सुचारू करवाते हुये लगभग 500 कावड/चारधाम यात्रियों को सुरक्षित गन्तव्य हेतु भेजा गया। जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी एवं आपदा प्रबन्धन अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। इसके अतिरिक्त अन्य स्थानों पर मार्ग बाधित होने पर यात्रियों को आवश्यक सुविधा प्रदान करते हुये गन्वत्य तक पहॅुचाया गया।















जनपद अंतर्गत हो रही वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी महोदय द्वारा समय–समय जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में उपस्थित रहते हुए बाधित सडक मार्ग/विघुत की रियल टाईम मॉनिटिर/गूगल शीट से निरीक्षण कर तथा सम्बन्धित विभागों को मार्ग शीघ्र सुचारू किये जाने के निर्देश दिये गये।



## दिनांक 21.07.2023 की रात्रि में जनपद के कतिपय क्षेत्रों अतिवृष्टि के कारण हुयी क्षति का विवरण–

**उप तहसील धौन्तरी**–

1. ग्राम धौन्तरी में भूस्खलन व मलवा आने से 04 परिवारों के आवासीय भवन आंषिक क्षतिग्रस्त हुये है, जिन्हें तत्कालिक राहत राशि दी गयी। खेतो में भी मलवा आया है। प्रा0 स्वास्थ केन्द की दीवार क्षतिग्रस्त हुयी। जन–धन की हानि नहीं हुयी । नायब तहसीलदार राजस्व टीम उप जिलाधिकारी, डुण्डा मौके परग गये। रातलधार 11 केवी फीडर में 04 विघुत पोल/600 मीटर ला ईन क्षतिग्रस्त है। सुचारू किये जाने की कार्यवाह की गयी।

2. **तहसील बडकोट**–

तहसील बडकोट अन्तर्गत राजतर गंगनानी के राष्ट्रीय राजमार्ग के 30 मीटर भाग में मलवा आने के कारण प्रभावित हुआ। उक्त सीान पर 04 व्यवसायिक भवनों में पानी गया तथा 19 आवासीय भवनों में मलवा/पानी गया। 19 आवासीय भवन स्वामियों को भवन आंशिक क्षतिग्रस्त होने के कारण तत्कालिक राहत राषि मौके पर ही वितरित की गयी। 01 गौषाला क्षतिग्रस्त होने से एक गाय/बछ़डे की मृत्यु हुयी। एवं कस्तुरबा गांधी विद्यालय में पानी गया उप जिलाधिकारी, बडकोट राजस्व टीम सहित एवं पुलिस उपाधीक्षक, बडकोट, अधिषासी अभियन्ता, राश्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, बडकोट में मौके पर गये। उक्त स्थान पर एस0डी0आर0एफ0/अग्निषमन की राहत–बचाव टीम रात्रि 2:00 बजे से तैनात हो गयी थी राजस्त/स्यानाचट्टी आदि क्षेत्र में लगभग 40 ग्रामों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुयी। प्राभावित व्यक्तियो को भोजन आदि की व्यवस्था की गयी थी।

3. **तहसील पुरोला**–

पुरोला अन्तर्गत छाडा खड्ड में कटवा से लगभग 100 नाली भूमि की क्षति एवं 15 व्यवसायिक भवनों जल भराव एवं 8 आवासीय भवन आंषिक क्षतिग्रस्त हुये, 01 बाईक एवं 01 कार नदी में बही। इसके अतिरिक्त 04 पैदल पुल क्षतिग्रस्त हुये। उप जिलाधिकारी एवं सम्बन्धित विभाग मौके पर गये। गुन्दियाट गांव/मोरी क्षेत्र की विघुत आपूर्ति बाधित हुयी थी।

4. यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग विकास नगर–यमुनोत्री के बीच कुथनोर, रानाचट्टी, राजस्तर, व नैनबाग यमुनापुल व छआगां के पास अवरुद्व था जिसे प्रातः 10:00 बजे तक सुचारू किया गया। इसके अतिरिक्त डाबरकोट में लगातार पत्थर गिर रहे थे तथा गंगनानी में मलवा आया जिसे सुचारू किया। यमुनोत्री राश्ट्रीय राजमार्ग धरासू से बडकोट तक कुमराडा, तलोग के पास सुचारू किया गया। धरासू–बडकोट के बीच धरासू बैंड के पास, कल्याणी, अचानक होटल एवं महरगांव एवं सिलक्यारा के पास अवरुद्व हुआ जिसे सुचारू करने हेतु मशीनरी तैनात थी। मार्ग को पूर्ण रूप से लगभग 1:00 सुचारु किया गया।




ON
DUTY




JCB









तात्कालिक सुरक्षा कार्य एवं मलवा हटाया गया।










सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों/अपर जिलाधिकारी द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया।






प्रभावित क्षेत्र में भोजन आदि की व्यवस्था की गयी







प्रभावितों को तत्काल राहत राशि वितरित की गयी।





जिलाधिकारी महोदय जनपद आपातकालीन परिचालन केन्द्र में मौजूद रहते हुये क्षति एवं राहत कार्यों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश व समीक्षा बैठक की गयी।







दिनांक 24.07.2023 को को पुरोला के आपादा ग्रस्त क्षेत्रो का सचिव, आपदा प्रबंधन महोदय एवं सचिव मा0 मुख्यमंत्री आयुक्त गढवाल मंडल के द्वारा निरीक्षण कर आपदा प्रभावितों से मुलाकात की गयी।









## माह अगस्त, 2023

दिनांक 02.08.2023 को तहसील बडकोट अन्तर्गत बचाणगांव में आकाशीय बिजली गिरने के कारण 02 महिला घायल हुयी। कन्ट्रोल रूम द्वारा सम्बन्धितों से समन्वय कर महिला को चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती करवाया गया।

दिनांक 08.08.2023 को तहसील भटवाडी अन्तर्गत हर्षिल से क्यारकोटी ट्रोक पर लगभग 25 कि0मी0 दूरी के पास आकाशीय बिजली गिरने के कारण बकरियों की मृत्यु होनो की सूचना पर जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा राजस्व/एस0डी0आर0एफ0/वन/पशु चिकित्सा से समन्वय कर टीम हेतु आवश्यक व्यवस्था करते हुये घटना स्थल हेतु भेजी गयी।



दिनांक 09.08.2023 को यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के स्थान स्थान डाबरकोट के पास भूस्खलन क्षेत्र में अचानक पहाडी से पत्थर आने के कारण जानकीचट्टी से वापस बडकोट आ रही यात्री बस पर पत्थर की चपेट में आयी। जिसमे 02 यात्री घायल हुये। जनपद आपदा प्रबन्धन द्वारा सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर एम्बुलेंस आदि उपलब्ध कराते हुये घायलों को स्वास्थ्य केन्द्र बडकोट लाया गया जिसमें एक महिला यात्री की मृत्यु हुयी। बस में सवार अन्य यात्रियों को सुरक्षित भेजा गया।





**दिनांक 10. अगस्त, 2023 को भागीरथी नदी के जोशियाडा बैराज में 01 व्यक्ति के डूबने के कारण** उक्त के खोज–बीन हेतु एन0डी0आर0एफ0 / पुलिस आदि की तैनाती कर खोज–बीन की गयी।





**दिनांक 13.08.2023 की रात्रि अतिवृष्टि के कारण तहसील मोरी के आराकोट क्षेत्र के ग्राम टिकोची अन्तर्गत पावर** नदी की दूसरी ओर जहॉ दुचाणु ग्रामवासियों के खेती आदि कार्यो हेतु बनाये गये गौशाला / घर के पास जालू खड्ड में अतिवृष्टि के पानी बढ़ने के कारण श्रीमती भूमि देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी श्री मदन सिंह, निवासी दुचाणु की जालू खड्ड में बहने के कारण लापता हुयी । जिसकी लगातार तैनात पुलिस / एस0डी0आर0एफ0 द्वारा खोज–बीन कर गोताखोर टीम द्वारा दिनांक 18.08.2023 को शव त्यूनी के पास बरामद किया गया। उक्त घटना में 05 गाय एवं 11 बकरी नदी में बही है तथा 03 भवन पूर्ण क्षतिग्रस्त, 01 तीक्षण क्षतिग्रस्त एवं 02 गौशाला क्षतिग्रस्त हुयी। जालू खड्ड में पानी बढ़ने के कारण 02 पैदल पुलिया क्षतिग्रस्त हुयी। उक्त स्थान पर एस0डी0आर0एफ0 त्यूनी / मोरी व मोरी पुलिस, तहसीदार मोरी राजस्व टीम के साथ घटना स्थल पर मौजूद रहें। तैनात दलों द्वारा वैकल्पिक मार्ग तैयार कर लोगों एवं जानवरों को सुरक्षित स्थानों पर निकाला गया।













**दिनांक 18.08.2023 को तहसील बडकोट अन्तर्गत नौगाव के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उक्त वाहन में 01 व्यक्ति बस की चपेट में आने के कारण मृत्यु हुयी। सम्बन्धितों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।**

**दिनांक 19.08.2023 को तहसील भटवाडी अन्तर्गत स्थान सारी गाड के पास एक यूटीलीटी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ । जनपद** आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा रेस्क्यू कार्य हेतु खोज–बचाव दलों एवं एम्बुलेंस आदि की तत्काल तैनाती हेतु समन्वय किया गया। घटना में 01 व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हुयी है तथा एक व्यक्ति घायल हुआ, जिसे जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी उपचार हेतु लाया गया है।



**माह जुलाई से आतिथि तक विभिन्न दुर्घटनाओं एवं गम्भीर रोगों से ग्रसित लोगों को चिकित्सा विभाग के सुझाव पर युकाडा एवं सम्बन्धितों से समन्वय कर हैलीकाप्टर के माध्यम हायर सेन्टर, देहरादून उपचार हेतु भेजे जाने की कार्यवाही की गयी। हैलीपैड में अग्निशमन/त्वरित कार्यवाही दल की तैनाती कर आवश्यक व्यवस्था की गय। जिनका विवरण निम्नवत् है।**

| क्र.सं. | दिनांक | घायल/रोगी का नाम/उम्र | पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.07.2023 | श्रीमती शोभा, उम्र 57 वर्ष | इन्दौर मध्यप्रदेश | गंगनानी में दुर्घटना/आपदा से घायल। |
| 2 | 16.07.2023 | श्री चतर सिंह, उम्र 59वर्ष | लदाडी,उत्तरकाशी। | गम्भीर बीमारी से ग्रसित |
| 3 | 19.07.2023 | श्री नेरश शर्मा उम्र 59 वर्ष | उत्तरकाशी | गम्भीर बीमारी से ग्रसित |
| 4 | 26.07.2023 | कु0 मौसमी मटूडा उम्र 14 वर्ष | उत्तरकाशी | गम्भीर बीमारी से ग्रसित |
| 5 | 02.08.2023 | श्रीमती भारती, उम्र 25 वर्ष | मुखेम, जनपद टिहरी | गर्भवती |







